Source:- www.patrika.com
Date:- 04.03.2019

डीआरआई ने जब्त की 39 क्विंटल सुपारी, कीमत डेढ़ करोड़ रुपए

Ashutosh Kumar Singh | Publish: Mar, 04 2019 10:23:21 PM (IST) Kolkata, Kolkata, West Bengal, India

– चार लोग हुए गिरफ्तार

सिलीगुड़ी

सिलीगुड़ी के घोषपुकुर बाईपास स्थित ग्वालटोली इलाके से डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेन्स (डीआरआई) ने रविवार रात एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सुपारी के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों के नाम कोना नागराज, रामबाबू, मंजूर आलम और तरीकुल हक है। कोना और रामबाबू आंध्रप्रदेश के निवासी हैं। मंजूर पश्चिम बंगाल के मालदह जिले का और तरीकुल मुर्शिदाबाद का रहने वाला है। डीआरआई के अधिकारियों के अनुसार इस मामले में दो लॉरियों को जब्त किया गया है। डीआरआई अधिवक्ता त्रिदेव साहा ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि कुछ लोग मिजोरम से दो लॉरियों से सुपारी लेकर बंगाल की ओर जा रहे हैं। विभाग की टीम जाल बिछाए बैठी थी। रविवार रात करीबन दो बजे के बीच घोषपुकुर बाईपास स्थित ग्वालटोली में डीआरआई ने दोनों लॉरियों को रोका। तलाशी लेने पर दोनों लॉरियों से 39 क्विंटल सुपारी मिली। एक ट्रक में 16 क्विंटल और दूसरे में 23 क्विंटल सुपारी लदी थी। जब्त सुपारी की कीमत 1 करोड़ सात लाख 67 हजार रुपए है।